हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 1 मार्च 2026

04 जुलाई में लिया प्रस्ताव, जनगणना के कारण...



07 नर्मदा जल उपभोक्ताओं को मोबाइल पर जलकर...





# बढ़ती गर्मी के बीच स्वास्थ्य अलर्ट, बेटियों की सुरक्षा पर सरकार सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

फरवरी की विदाई हो चुकी है और मार्च माह की शुरूआत आज से होगी, लेकिन फरवरी के अंतिम दिन मौसम में तेज तपन देखने को मिली। जिसके कारण गर्मी का अहसास हुआ। हालांकि रातें अभी भी ठंडी बनी हुई है। शनिवार को अधिकतम तापमान 34.3 डिसे और न्यूनतम तापमान 18.3 डिसे रहा। वहीं हिल स्टेशन पचमढ़ी में अधिकतम तापमान 27.2 और न्यूनतम तापमान 11.8 डिसे रहा। मौसम का लगातार बदलता मिजाज लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। सुबह-शाम की ठंड और दोपहर की बढ़ती गर्मी ने शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित किया है, जिससे मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है।

### बिगाड़ रहा सेहत

शहर के निजी और शासकीय अस्पतालों में इन दिनों मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। जिसमें अधिकांश बच्चे शामिल हैं। अस्पतालों में सर्दी-खांसी, बुखार, गले में संक्रमण, पेट दर्द, उल्टी-दस्त और वायरल फीवर से पीड़ित मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार तापमान में अचानक हो रहे उतार-चढ़ाव के कारण शरीर मौसम के अनुरूप ढल नहीं पा रहा है, जिससे संक्रमण तेजी से फैल रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि बदलते मौसम में खानपान की अनियमितता भी बड़ी वजह बन रही है। जिसमें अधिकांश बच्चे शामिल हैं। अस्पतालों में सर्दी-खांसी, बुखार, गले में संक्रमण, पेट दर्द, उल्टी-दस्त और वायरल फीवर से पीड़ित मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार तापमान में अचानक हो रहे उतार-चढ़ाव के कारण शरीर मौसम के अनुरूप ढल नहीं पा रहा है, जिससे संक्रमण तेजी से फैल रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि बदलते मौसम में खानपान की अनियमितता भी बड़ी वजह बन रही है। बाहर का अस्वच्छ भोजन, ठंडी और गरम चीजों का एक साथ सेवन तथा पर्याप्त पानी न पीना पेट संबंधी बीमारियों को बढ़ावा दे रहा है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ भास्कर गुप्ता का कहना है कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को मौसम प्रभावित कर रहा है।

### सर्वाकल कैंसर की दिशा में जिले में एक महत्वपूर्ण पहल

**नर्मदापुरम।** महिलाओं को जानलेवा बीमारी सर्वाकल कैंसर से बचाने की दिशा में जिले में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। शनिवार से 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों के लिए निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है। जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंडों में विशेष अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का शुभारंभ जिला अस्पताल में सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत द्वारा बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर डीआईओ डॉ. संदीप केरकेट्टा, सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कामले, एमडी मेडिसिन डॉ. सतीश तिवारी, आरएमओ डॉ. गजेंद्र यादव, जिला मीडिया प्रभारी सुनील साहू, डॉ. ममता पाठक, डॉ. सपना बेस सहित टीकाकरण स्टॉफ, हितग्राही, उनके अभिभावक एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।चरणबद्ध संचालित होगा अभियान यह अभियान चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बालिकाओं को समय रहते गंभीर बीमारी से सुरक्षित करना है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले के 9 शासकीय संस्थानों में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक टीकाकरण किया जा रहा है। निर्धारित आयु वर्ग की किशोरियों को प्राथमिकता के आधार पर यह टीका लगाया जा रहा है, ताकि भविष्य में संक्रमण के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सके। अधिक जानकारी के लिए संबंधित स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क किया जा सकता है। 14 वर्ष आयु की बालिकाएं यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण कर अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण हेतु स्लॉट बुक कर सकती हैं। टीकाकरण की प्रक्रिया पूर्व में कोविड-19 महामारी के दौरान को-विन पोर्टल के माध्यम से अपनाई गई प्रक्रिया के अनुरूप रहेगी। चिकित्सकों के अनुसार एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है। विशेषज्ञों का मानना है कि 14-15 वर्ष की आयु में लगाया गया टीका सबसे अधिक प्रभावी होता है और लंबे समय तक सुरक्षा प्रदान करता है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों को निर्धारित समय पर टीकाकरण केंद्रों तक अवश्य पहुंचाए। यह पहल न केवल वर्तमान पीढ़ी की बेटियों को सुरक्षित बनाएगी, बल्कि भविष्य में महिलाओं के स्वास्थ्य को मजबूत करने की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगी।

### किडनी ट्रांसप्लांट के लिए चौरिया कुर्मी समाज ने जुटाए 1.12 लाख



**इटारसी।** नर सेवा ही नारायण सेवा है, के ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते हुए चौरिया कुर्मी समाज ने एक गंभीर बीमारी से जूझ रही बिटिया की मदद के लिए हाथ बढ़ाए हैं। समाज के पदाधिकारियों ने सक्रियता दिखाते हुए समाज के दानदाताओं के सहयोग से 1,12,919 की राशि एकत्र कर किडनी पेशेंट निकिता चौरे के इलाज हेतु प्रदान की। बता दें कि निकिता के उपचार में दस लाख रुपाए का खर्च आ रहा है। निकिता के परिजन मजदूर हैं, वे इतनी राशि नहीं जुटा सकते। उनके उपचार के लिए समाज आगे आया है।

### बहन शिखा को सौंपा गया सहायता चेक

निकिता चौरे का किडनी प्रत्यारोपण नागपुर के अस्पताल में होना है। ऑपरेशन में आने वाले भारी-भरकम खर्च को देखते हुए चौरिया कुर्मी समाज ने चंदा एकत्र करने का अभियान चलाया था। समाज के अध्यक्ष शंभुदयाल पटेल एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने निकिता की बहन कुमारी शिखा चौरे को कुल एकत्र राशि का चेक भेंट किया और बिटिया के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। समाज के अध्यक्ष शंभुदयाल पटेल ने बताया कि इस पुनीत कार्य में केवल कुर्मी समाज ही नहीं, बल्कि नगर के अन्य समाज के दानदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया है।

### मुख्यालय से प्रतिदिन करीब 200 बसों का संचालन होता हैं, हजारों यात्री करते हैं सफर

# कल से दी बस हड़ताल की चेतावनी! होली से पहले यात्रियों की बढ़ी चिंता

मप्र में नई परिवहन नीति के विरोध में बस ऑपरेटर्स 2 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं। होली से ठीक पहले प्रस्तावित इस हड़ताल का असर नर्मदापुरम समेत पूरे प्रदेश में यात्रियों की आवाजाही पर पड़ सकता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मप्र में नई परिवहन नीति के विरोध में प्रदेशभर के बस ऑपरेटर्स 2 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं। यदि हड़ताल लागू होती है तो होली से ठीक पहले लाखों यात्रियों की यात्रा योजनाएं प्रभावित हो सकती हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को होगी जो त्योहार पर अपने गृह जिलों या गांवों की ओर जाने की तैयारी कर रहे हैं। इस हड़ताल का असर नर्मदापुरम जिले पर पड़ेगा। जिला मुख्यालय से प्रतिदिन करीब 200 बसों का संचालन होता हैं जिससे हजारों यात्री सफर करते हैं। बस एसोसिएशन ने 24 दिसंबर 2025 और 29 जनवरी 2026 को राजपत्र में प्रकाशित संशोधनों को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है। ऐसे में होली का त्योहार है, जिसमें हजारों लोग बसों के जरिए अपने घरों को लौटते हैं। 2 मार्च से प्रस्तावित इस हड़ताल के कारण प्रदेश के भीतर और अंतरराज्यीय बस सेवाएं ठप हो जाएंगी। बस एसोसिएशन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि इस आंदोलन से जनता को होने वाली हर परेशानी की जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ शासन की होगी।

#### यात्रियों पर पड़ेगा सीधा असर

- संभावित हड़ताल से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ सकती है।
- होली पर घर जाने वाले कामगार, छात्र और परिवार प्रभावित होंगे।
- निजी वाहनों और ट्रेनों में अचानक भीड़ बढ़ सकती है।
- किराए में अनौपचारिक बढ़ोतरी की आशंका भी जताई जा रही है।ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन लगभग ठप हो सकता है।कई जिलों में बसें ही मुख्य सार्वजनिक परिवहन का साधन हैं, ऐसे में हड़ताल का असर सबसे ज्यादा आम यात्रियों पर पड़ेगा।



#### नर्मदापुरम बस एसोसिएशन भी हड़ताल में शामिल

नर्मदापुरम बस एसोसिएशन ने भी हड़ताल में शामिल होने की घोषणा की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय शिवहरे के अनुसार नई परिवहन नीति में कई व्यावहारिक खामियां हैं, जिनसे बस संचालकों पर आर्थिक और प्रशासनिक बोझ बढ़ेगा। उनका कहना है कि नई नीति के लागू होने से परमिट की शर्तें सख्त होंगी, फीस में वृद्धि होगी और किराए पर नियंत्रण रखा जाएगा, जिससे संचालन प्रभावित होगा। उन्होंने बताया कि विवाद की मूल जड़ 6 प्रतिशत टैक्स हैं। टैक्स को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया। हमने राजपत्र में संसोधन के लिए ज्ञापन सौपा था लेकिन हमारी शर्तें नहीं मानी गई हैं। अब हमें मजबूरी में हड़ताल करना पड़ रहा हैं।

#### प्रमुख मांगें

- 24 दिसंबर 2025 को राजपत्र में प्रकाशित संशोधन प्रारूप को वापस लिया जाए।
- 29 जनवरी 2026 को राजपत्र में प्रकाशित संशोधन को पूर्ण रूप से निरस्त किया जाए।वर्तमान बस संचालन व्यवस्था को यथावत रखा जाए।
- त्योहार से पहले उत्पन्न इस स्थिति ने आम यात्रियों की चिंता बढ़ा दी है। अब सबकी नजर सरकार और बस ऑपरेटर्स के बीच संभावित वार्ता पर टिकी है, जिससे समय रहते समाधान निकल सके और यात्रियों को राहत मिल सके।

#### सरकार से समाधान की मांग

बस संचालकों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी आपत्तियां रखीं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। उनका आरोप है कि यदि समय रहते संशोधन वापस नहीं लिया गया तो यात्रियों को होने वाली असुविधा की जिम्मेदारी राज्य शासन की होगी।

# सामूहिक दुष्कर्म और हत्या, दोषियों को अंतिम सांस तक कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के बहुचर्चित और जघन्य सामूहिक दुष्कर्म व हत्या प्रकरण में न्यायालय ने ऐतिहासिक और कठोर निर्णय सुनाते हुए स्पष्ट कर दिया कि दरिंदगी की कोई क्षमा नहीं है। शनिवार को विशेष न्यायालय नर्मदापुरम के विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार ने प्रकरण में फैसला सुनाया। न्यायालय ने अभियुक्त जगमेल उर्फ जिगनेल उर्फ रिंकू जाट, हरदीप सिंह उर्फ गांधी रविदास, दर्शन सिंह उर्फ दर्शी जाट को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376डी , 302 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत दोषी ठहराया। न्यायालय ने तीनों दोषियों को आजीवन कारावास से दण्डित किया,जो उनके प्राकृतिक जीवनकाल की अंतिम सांस तक प्रभावी रहेगा।

अदालत ने यह स्पष्ट किया गया कि यह साधारण आजीवन कारावास नहीं, बल्कि ऐसा दंड है जिसमें दोषियों को जीवन पर्यंत जेल में रहना होगा। 22-23 जून 2023 की मध्यरात्रि डायल-100 को एक महिला मृत अवस्था में पड़ी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिस्थिति जन्य साक्ष्य, घटनास्थल की स्थिति तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर सामूहिक दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या की पुष्टि की। विवेचना के दौरान 21 साक्षियों के बयान दर्ज किए गए, 59 दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किए गए।

आरोपियों का डीएनए परीक्षण कराया गया, जिसकी रिपोर्ट पॉजीटिव आई। शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक विशेष न्यायालय सत्येन्द्र सिंह पटेल द्वारा की गई, जिन्होंने सशक्त तर्क और ठोस साक्ष्यों के आधार पर दोष सिद्ध कराया। यह निर्णय केवल सजा नहीं, बल्कि समाज को स्पष्ट चेतावनी है कि महिलाओं के सम्मान पर हमला करने वालों के लिए कानून में केवल कठोरतम दंड ही निर्धारित है।

### कड़ा मानिकपुरी जिझौतिया ब्राह्मण समाज की बैठक

**इटारसी।** कड़ा मानिकपुरी जिझौतिया ब्राह्मण समाज की आपदा अक्षय कोष प्रबंधन समिति की वर्ष 2026 की प्रथम बैठक ईश्वर रेस्टोरेंट में हुई। बैठक में समाज के उत्थान, कोष के प्रबंधन और सेवा कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से श्यामशरण तिवारी रामपुर को इटारसी तहसील का संयोजक नियुक्त किया। नवनियुक्त संयोजक श्री तिवारी ने जिम्मेदारी मिलने पर आभार व्यक्त किया और आगामी समय में होली मिलन समारोह आयोजित करने, नए सदस्यों को जोडने तथा कार्यकारिणी के विस्तार का संकल्प दोहराया।

# होली के पहले हुई मिलावट अपार, 30 नमूने की जांच, 13 प्रयोगशाला के लिए भेजे




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

दीपावली पर जिस प्रकार मिलावटी मावा खपाया गया था। ठीक उसी प्रकार होली पर वही स्क्रिप्ट दोहराई जाएगी? हालात तो कुछ ऐसे संकेत दे रहे है। आज से मार्च की शुरूआत हो गई है। जिसके कारण बाजार में मिठाइयों और दुग्ध उत्पादों की मांग भी तेजी बढ़ रही है। हालांकि इसे देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग भी सक्रियता बढ़ा रहा है। शनिवार को जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चलित खाद्य प्रयोगशाला के साथ विभिन्न मिठाईयों,नमकीन और नास्ता की दुकानों का औचक निरीक्षक किया। चलित खाद्य प्रयोगशाला में 30 नमूने की जांच मौके पर की गई। जिसमें राजस्थान मिष्ठान भंडार मंगलमय विलास जहां मिठाई बनाई जा रही थी, जय स्तंभ स्थित भागचंद कहार से बर्फी, लक्ष्मी मिष्ठान भंडार से बेसन लड्डू, पेड़ा, महेश मिष्ठान भंडार से मगज के लड्डू, पेडे, डमरू स्वीट्स से मावा पेड़े, केला देवी नाश्ता से सेंटर से समोसा, बेसल लड्डू, अग्रवाल होटल से बेसन नमूने संग्रहित किए। वहीं 13 नमूने राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। उक्त कार्रवाई में नगर तहसीलदार सरिता मालवीय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र राणा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावार सम्मिल रहे।

# होली पर हुड़दंग पड़ सकता है भारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी में होली और रंगपंचमी से पहले पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। एसडीओपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा और टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने भारी पुलिस बल के साथ जयस्तंभ चौक व मुख्य बाजार सहित संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल मार्च किया।

अधिकारियों ने व्यापारियों और नागरिकों से संवाद कर शांति बनाए रखने की अपील की। बीट प्रभारियों को मुस्तैद रहने, संदिग्धों व नशे में वाहन चलाने वालों पर नजर रखने तथा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं। हुड़दंग या अभद्रता करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।



# हर्बल पार्क घाट पर चलाया स्वच्छता महा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हर्बल पार्क घाट पर शनिवार को स्वच्छता महा अभियान चलाया गया। स्वच्छता महाअभियान में नागरिकों ने बढ़ चढ़कर श्रमदान किया गया। करीब दो ट्राली से अधिक कचरा निकाला गया। जिसे कचरा वाहनों की मदद से ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। अभियान प्रभारी उपयंत्री दीक्षा तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी के निर्देश पर आज हर्बल पार्क घाट पर स्वच्छता महा अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता महाअभियान में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, सभापति रिचा तिवारी, सभापति निर्मला हंस राय, पूर्व पार्षद जीतू तिवारी, अनुराग तिवारी, विशाल शर्मा, सतीश यादव सहित नपा के कर्मचारी उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष ने नागरिकों से अपील की जाती है कि हर्बल पार्क घाट पर दाह संस्कार न किया जाएगा।



### 11.5 करोड़ रुपए की ग्रांट से मिला अपने घर का सपना, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आयोजन

# होली बनी दिवाली! 463 परिवारों के चेहरे खिले, मिलेंगे घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के 463 गरीब परिवारों के लिए आज का दिन उनके जीवन का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। पंडित भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत इन पात्र परिवारों को 2.50 लाख की अनुदान राशि के स्वीकृति पत्र बांटे गए। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने जब मंच से हितग्राहियों को प्रमाण पत्र सौंपे, तो कई बुजुर्गों की आंखें खुशी से छलक उठीं।




### विधायक बोले- यह मोदी की गारंटी है, हर सिर पर होगी पक्की छत

मुख्य अतिथि डॉ. सीतासरन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प 'हर गरीब का अपना घर' अब धरातल पर उतर रहा है। उन्होंने कहा, यह केवल कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। इटारसी के विकास में यह मील का पत्थर साबित होगा।

#### कार्यक्रम की 4 बड़ी बातें

**बड़ी सौगात:** कुल 463 परिवारों को एक साथ पक्के मकान बनाने की अनुमति और राशि स्वीकृत की गई।

**महिला सशक्तिकरण:** कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला हितग्राही शामिल हुईं, जिनके नाम पर आवास अनुदान स्वीकृत हुए हैं।

**प्रशासनिक मुस्तैदी:** सीएमओ रितु मेहरा और इंजीनियरिंग टीम (मीनाक्षी चौधरी, सोनिका अग्रवाल, सुरेंद्र रावत) ने मौके पर ही हितग्राहियों की शंकाओं का समाधान किया।

**प्रोग्राम में:** भाजपा जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, ज्योति चौरे, उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, मंडल अध्यक्ष नगर भाजपा राहुल चौरे, पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, सभापति राकेश जाधव, मंजीत कलोसिया, पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार यादव, पार्षद जिमी कैथवास, अमित विश्वास, कुंदन गौर, शुभम गौर, दिलीप गोस्वामी, मंच संचालन राहुल प्रधान ने किया। पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बावरिया, हनु बंजारा सहित अन्य मौजूद थे।

#### नपा अध्यक्ष का दावा- बिना किसी भेदभाव के सीधे खाते में पैसा

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि परिषद का लक्ष्य पूरी पारदर्शिता के साथ अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाना है। उन्होंने बताया कि 2.50 लाख की यह राशि किस्तों में सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में जमा होगी, जिससे बिचौलियों की गुंजाइश खत्म हो गई है।



## खबर संक्षेप



### जिला अस्पताल के शिशु वार्ड में 50 नवजातों को मिली बेबी किट

**बैतूल।** महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल द्वारा जिला शासकीय चिकित्सालय के शिशु वार्ड में बेबी किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सेवा पहल के अंतर्गत नवजात शिशुओं की माताओं को कुल 50 बेबी किट वितरित की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों के नवजात बच्चों को संक्रमण से बचाव में सहयोग देना और उनके जीवन के इस महत्वपूर्ण क्षण में सहारा प्रदान करना रहा। किट प्राप्त करने के बाद माताओं के चेहरों पर दिखाई दी खुशी ने कार्यक्रम को सार्थक बना दिया।

### वन विभाग की टीम ने घर में दबिश देकर 45 नग अवैध सागौन पकड़ी

**बैतूल।** वन विभाग ने ताप्ती रेंज के महुपानी सर्किल अंतर्गत ग्राम गोनीघाट में एक घर से दबिश देकर 45 नग सागौन की चिरान जब्त की। वन विभाग की टीम ने जयराम यादव के घर पर दबिश दी, जहां अवैध रूप से फर्नीचर निर्माण का कार्य किया जा रहा था। मौके से 45 नग सागौन चिरान, कुल 0.431 घन मीटर लकड़ी जब्त की। जब्त लकड़ी का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 35 हजार रुपए है। इस मामले में जयराम यादव के खिलाफ दो धाराओं में केस दर्ज किया है। इस दौरान रेंज ऑफिसर दयानंद डेहरिया, ओंकारनाथ मालवीय, रमेश मस्की, भैया लाल कुमरे, कामुलाल इवने, दीप्ति राजपूत और सोनू पुन्डे की सक्रिय भूमिका रही।

### लो वोल्टेज से जूझते किसान पहुंचे केंद्र, देर तक नहीं आए अधिकारी

**बैतूल।** आमला तहसील अंतर्गत बोरदेही विद्युत वितरण केंद्र से जुड़े ग्राम हरण्या, भयावाड़ी एवं घाटावाड़ी के किसानों ने लंबे समय से जारी बिजली संकट को लेकर किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष दिनेश मदुवंशी के नेतृत्व में सहायक अभियंता, विद्युत वितरण कंपनी बोरदेही पहुंचकर विरोध जताया। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में लो वोल्टेज, जले हुए एवं खराब ट्रांसफार्मरों तथा ओवरलोड ट्रांसफार्मरों के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित बनी हुई है, जबकि बार-बार हो रही अघोषित बिजली कटौती से सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। किसानों ने गंभीर आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा लगाए गए कई ट्रांसफार्मर आज तक बिजली कंपनी के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हैं, जिसके कारण उनके खराब या जलने की स्थिति में प्रतिस्थापन नहीं हो पा रहा है। इस वजह से क्षेत्र में लो वोल्टेज की भारी समस्या बनी हुई है और किसानों की फसलें संकट में हैं। ज्ञापन सौंपने पहुंचे किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ा, लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे नाराज किसानों ने विद्युत कंपनी के प्रति रोष व्यक्त किया। किसानों ने मांग रखी कि जले हुए एवं खराब ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदला जाए, ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाए, लो वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए तथा अघोषित विद्युत कटौती पर रोक लगाई जाए।

## नपा में बैतूल शहर की सीमा वृद्धि का प्रस्ताव अटका


# जुलाई में लिया प्रस्ताव, जनगणना के कारण प्रशासनिक सीमाएं फ्रीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जनगणना के चलते सभी प्रशासनिक सीमाएं फ्रीज की जा चुकी हैं। 2027 तक इनमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा। ऐसे में बैतूल नगरपालिका क्षेत्र की सीमा वृद्धि का मामला भी अब अधर में लटक गया है। दरअसल बैतूल शहर अभी 15 वर्ग किलोमीटर के दायरे में बसा है।

शहर की सीमा में वर्ष 1994 के बाद से कोई बदलाव नहीं हुआ है। वर्ष 2007 में इसकी सीमाओं में बढ़ोतरी का प्रयास किया गया था, लेकिन यह कोशिश कामयाब नहीं हो पाई थी। अब एक बार फिर नगरपालिका ने इसके प्रयास शुरू किए थे। पिछले साल जुलाई महीने में नगरपालिका परिषद की बैठक में क्षेत्र विस्तार करने का प्रस्ताव लिया गया था। इसके बाद शासन की अनुमति लेने के लिए कलेक्टर के माध्यम से प्रस्ताव राज्य शासन को भी भिजवाया गया, लेकिन शासन से अभी तक कोई जवाब नहीं आया है, जिसके चलते इस दिशा में कोई कदम आगे नहीं बढ़ाया जा सका।

अब नगरपालिका के अगले साल होने वाले चुनाव के बाद ही कोई प्रोग्रेस हो सकेंगी, क्योंकि सीमा वृद्धि की पूरी प्रक्रिया चुनाव के एक साल पहले शुरू करना होता है। वैसे जानकारी के अनुसार नगरपालिका की सीमा विस्तार के तहत संभवतः शहर से सटे पांच क्षेत्र शामिल करने की योजना थी। जिसमें वर्तमान समय मरामझिरी पंचायत के अंतर्गत आने वाली सोनाहिल कॉलोनी और गउठाना के अंतर्गत आने वाला सम्पूर्ण क्षेत्र के अलावा खकरा जामठी वाला सम्पूर्ण क्षेत्र, सोनाघाटी शिव मंदिर तक का इलाका,



जो वर्तमान में मरामझिरी पंचायत के अधिकार क्षेत्र में है और ग्राम पंचायत बडोरा का द्वारका नगर आठनेर रोड पर सापना नदी की पुलिया तक और बैतूल बाजार रोड पर जानी ढाबा पेट्रोल पंप तक का इलाका सीमा विस्तार में शामिल है। शहर की सीमा वृद्धि से नगरपालिका और इन क्षेत्रों के लोगों, दोनों को ही लाभ होंगे। यह क्षेत्र अभी पंचायतों से काफी दूरी पर स्थित हैं। इससे पंचायतें भी इन पर समुचित ध्यान नहीं दे पाती है। इससे कई क्षेत्रों में अपेक्षित विकास नहीं हो सका है। नगरपालिका में शामिल होने से इन क्षेत्रों का विकास होगा और नागरिकों को सडक़, बिजली, जलापूर्ति, सहित मिलेगी।

### परिषद की बैठक में लिया था निर्णय

नगरपालिका परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को पास कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम न केवल जनहित में है, बल्कि इससे प्रशासनिक कार्यक्षमता और विकास की रफ्तार भी बढ़ेगी। यह निर्णय पूरी तरह से जनहित, शासनहित और भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया था। अधिकारियों के अनुसार, आसपास के क्षेत्रों को शामिल करने का मुख्य उद्देश्य वहां के नागरिकों को शहरी सुविधाओं से सीधे जोडऩा, निकाय के राजस्व में वृद्धि करना और पंचायतों के विकास कार्यों में भी गति लाना है। जिससे इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को शहरी सुविधाएं बेहतर तरीके से मिलेगी और नपा के भी राजस्व में वृद्धि होगी। दिसंबर 2025 को प्रदेश भर के जिलों, तहसीलों और सभी प्रशासनिक सीमाओं को फ्रीज कर दिया गया है। जनगणना संपन होने तक यह सीमाएं फ्रीज ही रहेंगी, इनमें कोई भी बदलाव नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा सीमा वृद्धि की यह प्रक्रिया नगरीय निकाय के चुनाव होने के एक साल पहले शुरू हो जाना चाहिए ताकि चुनाव के चार-पांच माह पहले तक प्रक्रिया पूरी हो सके। अब अगले साल चुनाव ही है और तब तक यह कार्यवाही शुरू नहीं हो सकती। ऐसे में चुनाव के बाद ही यह प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है।

### सीमा वृद्धि से नगरपालिका की आय में होगी वृद्धि

बीते कुछ सालों में बैतूल शहर का तेजी से विस्तार हुआ है। एक तरह से देखा जाए तो ग्रामीण क्षेत्र और शहर आपस में मिल गए हैं, लेकिन इसका लाभ बैतूल नगरपालिका को नहीं मिल रहा है। यदि आबादी क्षेत्र बड़ोरा, गउठाना, सोनाघाटी, सोनाहिल कॉलोनी नगरपालिका सीमा में आ जाते, तो नगरपालिका की आय में वृद्धि होती। नपा को निगम का दर्जा भी मिल सकता है। इससे शासन से मिलने वाली वित्तीय मदद में भी वृद्धि होती। वहीं आस-पास के ऐसे क्षेत्र जो व्यावहारिक रूप से शहर से जुड़ चुके हैं, उन्हें नगरपालिका की सीमा में शामिल करने से वहां के लोगों को शहरी सुविधाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध होगी। लेकिन जनगणना और प्रशासनिक सीमाएं फ्रीज होने के कारण अब यह कार्य लगभग एक वर्ष के लिए टल गया है।

### अभी नगर पालिका में शामिल हैं 33 वार्ड

नगरपालिका की सीमा वृद्धि से शहर का दायरा बढ़ जायेगा। हालांकि बैतूल शहर अभी 15 वर्ग किलोमीटर के दायरे में बसा है। लेकिन सीमा वृद्धि से शहर का दायरा ढाई से 5 किलोमीटर तक बढने की संभावना है। इसके अलावा सीमा वृद्धि के बाद वार्ड बढकर 36 तक भी किए जा सकते हैं। वैसे वादों की संख्या बढ़ाने की जरुरत पडने की संभावना नहीं है।

### इनका कहना है

नपा ने सीमा वृद्धि का प्रस्ताव लिया था। प्रस्ताव शासन को भिजवाया गया है, लेकिन अभी तक शासन से कोई जवाब नहीं आया है। अब जनगणना के कारण सीमाएं भी फ्रीज हो चुकी हैं। जनगणना के बाद ही कुछ हो सकता है।

**- ब्रजगोपाल परते**, वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक, नपा बैतूल

## हालत गंभीर, भोपाल किया रेफर

# जेल में महिला कैदी ने आत्महत्या के लिए खा लिए चूड़ियों के टुकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



बैतूल जिला जेल में बंद महिला कैदी द्वारा चुडियों के टुकड़े खाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। यहां महिला सेल में हत्या के आरोप में बंद एक विचाराधीन महिला कैदी ने आत्महत्या का प्रयास किया। बताया गया कि महिला ने हाथ में पहनी चूडिय़ों के टुकड़ों को पीसकर निगल लिया, जिससे उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही जेल प्रहरियों ने तत्परता दिखाते हुए महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल बैतूल पहुंचाया। यहां उसे आईसीयू में भर्ती किया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। महिला की हालत गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए उसे भोपाल रेफर कर दिया गया है। विचाराधीन कैदी पूनम पति राजू (21) निवासी घोघरी, शनिवार सुबह करीब 11 बजे अपनी बैरक में थी। उस वक्त बैरक में 18 अन्य महिला कैदी भी मौजूद थीं, लेकिन किसी को खबर नहीं हुई और पूनम ने कांच की चूडियों को पीसकर निगल लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगडऩे लगी, तब जेल प्रहरियों को घटना का पता चला। प्रभारी जेलर योगेश शर्मा ने बताया कि सुरक्षा के कड़े मानदंडों के बावजूद पूनम के पास कांच की चुडियां कैसे पहुंची, यह गंभीर जांच का विषय है। मामले की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है। बता जा रहा है कि जेल के नियमों के अनुसार, किसी भी कैदी को जेल में प्रवेश देने से पहले कड़ा, कंघी, धागा, कलावा और चुडी जैसी वस्तुएं उतरवा ली जाती हैं। इधर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे ने बताया कि जेल से दो प्रहरी महिला को उल्टी की शिकायत के बाद लेकर आए थे। जांच के दौरान उसके पेट से नीले रंग का द्रव्य, खून और कांच जैसे चूड़ी के टुकड़े निकले हैं। फिलहाल महिला की हालत नाजुक बनी हुई है और विशेषज्ञ उपचार के लिए उसे भोपाल भेजा गया है।

### पति की हत्या के आरोप में बंद है महिला

पूनम उईके का आपराधिक रिकॉर्ड और निजी जीवन काफी उलझा हुआ है। पूनम को 18 दिसंबर 2025 को अपने पति राजू उईके की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उसने महाराष्ट्र के तीन युवकों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। प्रभारी जेलर के अनुसार, शुरुआती जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि पूनम ने आत्मग्लानि या किसी मानसिक तनाव के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है। इस घटना के बाद जेल प्रशासन ने महिला बैरक की निगरानी और बढा दी है। पुलिस इस जांच कर रही है कि क्या पूनम पर किसी तरह का दबाव था या यह केवल डिप्रेशन का मामला है।

### इनका कहना है

महिला ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

**- योगेश शर्मा**
प्रभारी जेलर, जिला जेल बैतूल

## सरकारी जमीन पर बनी दुकानें

# चोपना में कार्रवाई, हाईकोर्ट के आदेश से अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

घोड़ाडोंगरी तहसील के चोपना बाजार में शनिवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई शुरू की। हाईकोर्ट के आदेश के बाद शासकीय भूमि पर बने अवैध दुकानों को हटाने का अभियान शुरू किया गया। मौके पर घोड़ाडोंगरी एसडीएम प्रपंज आर, तहसीलदार और पुलिस बल मौजूद है, जिनकी निगरानी में जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, चोपना के मुख्य बाजार में तपन विश्वास ने सरकारी जमीन पर दुकानों का निर्माण कर लिया था। इस पूरे क्षेत्र में लगभग 12 से 15 दुकानें अवैध रूप से निर्मित की गई थीं। कांग्रेस नेता तरुण मंडल ने बताया कि करीब पांच साल पहले इस अवैध निर्माण की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर दर्ज कराई थी। उस समय प्रशासन ने जांच के बाद अतिक्रमण हटाने और जुर्माना वसूलने के आदेश दिए थे। हालांकि, कब्जाधारी तपन विश्वास ने जमीन खाली नहीं की और तहसीलदार के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर कर दी थी। हाल ही में हाईकोर्ट ने अतिक्रमणकारियों की अपील को खारिज कर दिया, जिसके बाद प्रशासन ने शनिवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। तहसीलदार ने इस प्रकरण में पहले ही 40 हजार रुपए के जुर्माने का नोटिस जारी किया था।

## नाबालिग लड़की की हुई खोज

# बच्चा चोरी की अफवाह, 2 घंटे चली जांच पड़ताल

**सारनी।** शहर में इन दिनों बच्चा चोरी की अफवाह तेजी से फैल रही है। इसी बीच सारनी क्षेत्र में शुक्रवार रात इसी अफवाह से सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी सतर्क हो गई और सारनी से घोड़ाडोंगरी तक सुरक्षा में पुलिस तैनात हो गई। कई जगहों पर पुलिस ने वाहनों की जांच की। एसडीओपी, टीआई स्वयं मोर्चा संभाले टोल नाके पर खड़े रहे। इसी बीच खबर आई की खैरवानी से जिस बच्ची के गायब होने की खबर को लेकर बवाल मचा है। वह लडक़ी मिल गई है।

बताया जा रहा है कि छिंदवाड़ा जिले के पांढू गांव में कार्यक्रम चल रहा था। यहीं पास में बाजार लगा था। जहां पर सारणी समेत कई क्षेत्रों से मछुआरे मछली विक्रय करने पहुंचे थे। बाजार वाले जगह से एक नाबालिक लडक़ी गायब हो गई। गांव वालों को शक हुआ कि मछली विक्रय करने आने वाले लोग ही बच्ची को ले गए हैं। इसके बाद गांव के सरपंच ने वार्ड नंबर 10 सारणी निवासी बबलू नर्रे को काल किया और बताया कि उनके गांव की बच्ची गायब है। जिस पर बबलू ने मछली विक्रय करने वालों से पूछताछ की और सरपंच को बताया कि बच्ची को साथ नहीं लाए हैं। बस यही से



अफवाह ने जन्म लिया और दमुआ से लेकर सारणी और फिर घोड़ाडोंगरी तक अफवा हा फैलती रही। इसी बीच घोड़ाडोंगरी टोल नाके के पास वहनो की जांच के समय पता चला कि गायब हुई बच्ची गांव में ही मिल गई।

### इनका कहना है

सूचना मिली थी कि यूपी पासिंग कि कार से लडकी चोरी कर ले जाई जा रही है। इसके बाद दमुआ नाका से घोड़ाडोंगरी तक रात में वाहनों कि जांच की गई। तस्दीक करने पर अफवाह निकली। सोशल मीडिया पर बिना तस्दीक किए कोई भी व्यक्ति वीडियो, फोटो अपलोड नहीं करें।

**- जयपाल इवनाती**, टीआई, सारनी।

# लॉकअप में जान देने का प्रयास करने वाले दुष्कर्मी पिता की हालत में सुधार

## भोपाल अस्पताल से छुट्टी के बाद होगी वैधानिक कार्रवाई

**बैतूल।** अपनी 10 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार पिता ने पुलिस हिरासत में आत्महत्या का प्रयास किया था। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया था। यहां हालत गंभीर होने पर भोपाल रेफर कर दिया गया, जहां अब आरोपी पिता की हालत में सुधार बताया जा रहा है। हालांकि, वह अपने मंसूबों में सफल हो पाता उससे पहले ही ड्यूटी पर तैनाल पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे बचा लिया। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने गंभीर हालत में आरोपी को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे आईसीयू में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी की हालत पहले की तुलना में काफी बेहतर है और अस्पताल में कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। न्यायालय के निर्देशानुसार उसे जेल भेजा जाएगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे की वैधानिक कार्रवाई की तैयारी भी की जा रही है। एएसपी ने बताया कि लॉकअप के भीतर यदि आरोपी के साथ कोई अनहोनी हो जाती या घटना में उसकी मौत हो जाती तो मजिस्ट्रेटियल जांच हो सकती थी, लेकिन इस मामले में आरोपी की जान बचाने में पुलिस विभाग सफल रहा है। यदि ऐसी किसी जांच के निर्देश उच्च अधिकारियों द्वारा दिये जाते हैं तो जांच भी करवा ली जाएगी। इधर जानकारों का मानना है कि जिस प्रकार आरोपी ने लॉकअप के भीतर आत्महत्या का प्रयास किया, उसे देखते हुए जेल प्रशासन को भी विशेष सतर्कता बरतनी होगी। आशंका जताई जा रही है कि भविष्य में वह दोबारा ऐसा कदम उठाने की कोशिश कर सकता है।

# अतिथि शिक्षक अनुभव अंकों के लिए हो रहे परेशान



**शाहपुर।** अतिथि शिक्षक संगठन ने विकासखंड कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि उनके कार्य के अनुभव के जो अंक हैं, वह उन्हें विधिवत प्राप्त नहीं हो रहे हैं। जिससे अतिथि शिक्षक पिछड़ रहे हैं। उन्हें अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अतिथि शिक्षक राधेश्याम बकोरिया ने बताया कि केवल ट्राइबल विभाग के अतिथि शिक्षकों के साथ ऐसा हो रहा है। एजुकेशन के जो अतिथि शिक्षक हैं उन्हें यह अंक विधिवत ऑनलाइन प्राप्त हो चुके हैं। शासन के द्वारा शिक्षा विभाग के दो विभागों में विसंगति क्यों हो रही है। दोनों को एक समान विधिवत अनुभव के अंकों का लाभ प्राप्त हो सके। जिससे वे अपने शिक्षकीय की कार्य का पूर्ण लाभ ले सकें। प्राप्त जानकारी के अनुसार अतिथि शिक्षकों ने बताया कि उन्हें वेतन लगभग 6 माह से अप्राप्त है, जिसके कारण आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# आयुष विभाग के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 385 ग्रामीणों को मिला लाभ

**बैतूल।** आयुष विभाग द्वारा मुलताई तहसील के ग्राम सर्रा स्थित मां कुलदेवी मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के दौरान निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें 385 लाभार्थियों ने आयुष पद्धति का लाभ प्राप्त किया। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर के निर्देशानुसार आयोजित शिविर में नोडल अधिकारी डॉक्टर पल्लवी आकरे तथा सहायक नोडल अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र डडोरे, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर शिवदयाल कुमरे और डॉक्टर ललित चौधरी के मार्गदर्शन में आयुष विभाग के 13 कर्मचारियों ने सेवाएं देते हुए ग्रामीणों को परामर्श और उपचार प्रदान किया। शिविर में आयुष पद्धति के अंतर्गत जीवनशैली, आहार, ध्यान और योग के महत्त्व पर भी जोर दिया गया। योग प्रशिक्षक मोहित दातिर और योग सहायक राज अदवारे ने रोगानुसार योग की उपयोगिता समझाते हुए योगाभ्यास भी कराया।

# होली, रंग पंचमी, ईद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न




**शाहपुर।** थाना शाहपुर के कम्युनिटी हॉल में त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से एसडीओपी राजेश तिवारी शाहपुर उपस्थित रहे। उन्होंने त्योहारों को शांति पूर्वक मनाने की बात कही। नागरिकों ने भी अपने विचार रखे। मुख्य रूप से परीक्षाओं के चलते ध्वनि यंत्र के प्रयोग पर बात की। साथ ही नशे की हालत में वाहन न चलाने, किसी को जबरदस्ती रंग ने लगाने और केमिकलयुक्त रंगों से होली ना खेलना जैसे मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। कहा कि केमिकल्स युक्त रंगों से नुकसान होता है। उसे उपयोग न करने का संदेश दिया। त्योहारों को किस दिन नगर शाहपुर में व्यवस्थित रूप से मनाया जाएगा। सभी से विचार विमर्श किये। एसडीओपी राजेश तिवारी शाहपुर ने बताया कि पुलिस विभाग पूरी तरह से 24 घंटे शांति व्यवस्था बनाए रखने में तैयार रहेगा।

# सर्वाइकल कैंसर के विरूद्ध एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ



**बैतूल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अजमेर राजस्थान से 28 फरवरी 2026 को सर्वाइकल कैंसर के विरूद्ध एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इसमें जिला चिकित्सालय बैतूल के एमसीएच भवन में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण के साथ एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े द्वारा बालिकाओं को पुष्पगुच्छ देकर किया। सीएमएचओ हुरमाड़े ने बताया कि पूरे जिले में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिये निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया। अभियान में 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण होगा। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर है, किशोर अवस्था में टीका लगाने से कैंसर का जोखिम 85 प्रतिशत कम हो जाता है। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में गर्भाशय के निचले हिस्से में होता है जो मुख्य रूप से एचपीवी वायरस के कारण होता है, यह एक रोकने योग्य कैंसर है। शुरूआती जांच और एचपीवी वैक्सीन से इसकी रोकथाम संभव है। जिला चिकित्सालय में 26 बालिकाओं को टीकाकरण किया गया। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आठनेर में 4, सेहरा में 10, भैंसदेही में 06, भीमपुर 02, चिचोली में 10, घोडाडोगरी में 11, प्रभात पटटन में 16, शाहपुर में 11, आमला में 06, इस प्रकार जिले में कुल 102 बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण किया गया।

## जिला कार्यालय विजय भवन में हुई कार्यशाला

# भाजपा कार्यकर्ता आधारित दलः सुदर्शन गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में शनिवार को संपन्न भाजपा की जिला कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी सूदर्शन गुप्ता ने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित दल है जो अपने स्थापना काल से ही विचार आधारित कार्यकर्ता का निर्माण करती रही है।

उन्होने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है और हमारा कार्यकर्ता भी विचार आधारित होना चाहिए। इसीलिए समय समय पर अपने कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षित कर उन्हे एक सक्षम एवं परिपक्व कार्यकर्ता बनाने के लिए प्रशिक्षण वर्गो का आयोजन किया जाना हमारी कार्यपद्वति रही है।




कार्यशाला का शुभारंभ जिला संगठन प्रभारी सूदर्शन गुप्ता ,प्रशिक्षण अभियान के संभाग प्रभारी भरत सिंह राजपुत, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार, प्रशिक्षण अभियान के जिला संयोजक कमलेश सिंह, जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, डा.महेन्द्र सिंह चौहान, रश्मि साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार ने पार्टी के पितृपुरूष पं.दीनदयाल उपाध्याय, डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर किया।

**मजबूत वैचारिक आधार के कारण भाजपा विश्व का सबसे बडा दल - भरत सिंह राजपुत -** पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की जानकारी देते हुए संभाग प्रभारी भरत सिंह राजपुत ने कहा कि आज भाजपा दुनिया की सबसे बडी राजनीतिक पार्टी है तो उसका कारण केवल चुनावी राजनीति नही बल्कि मजबूत वैचारिक आधार और कार्यकर्ताओ की साधना है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि प्रशिक्षण से हमारे व्यक्तिगत जीवन में भी सुधार आता है एवं हमें हमारे गुणो को पहचानने और उन्हे निखारने का महत्वपूर्ण अवसर देता है। भारतीय जनता पार्टी ने विषम परिस्थितीयो में भी अपने मुल्यो से समझौता नही किया क्योकि भाजपा विचार आधारित संगठन है। भाजपा की सफलता के पीछे प्रशिक्षण वर्गो की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष में हम सभी ने पंचपरिवर्तन का संकल्प लिया है।

# जीवन को उत्सव बनाने की पहल वाह जिंदगी वाह का भव्य शुभारंभ

## आध्यात्मिक ज्ञान नई दिशा और स्थिरता प्रदान करता है




**बैतूल।** शहर में सकारात्मकता और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत वातावरण उस समय देखने को मिला, जब अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम वाह जिंदगी वाह का भव्य शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में न्यायिक, प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य और प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत बीके मंजू दीदी के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने कहा कि आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक दौर में यदि व्यक्ति अपनी सोच को सकारात्मक बना लें तो जीवन की हर परिस्थिति सहज और सुखद बन सकती है। आध्यात्मिक ज्ञान जीवन को नई दिशा और स्थिरता प्रदान करता है। मुख्य वक्ता प्रो.भ्राता बीके गिरीश ने अपने ओजस्वी और प्रभावशाली विचारों से उपस्थित सैकड़ों श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि जीवन को बदलने के लिए परिस्थितियां नहीं, दृष्टिकोण बदलना आवश्यक है। उनके प्रेरणादायी संदेश ने आत्मबल, धैर्य और राजयोग ध्यान की महत्ता को स्पष्ट किया।

## खबर संक्षेप

### 6 मार्च को विकसित भारत युवा संसद होगी



**सिवनीमालवा।** शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के साथ एमओयू के तहत 6 मार्च 2026 को जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद आयोजित होगी। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार रघुवंशी ने बताया कि जिले के सभी महाविद्यालयों के विद्यार्थी माय भारत पोर्टल ऐप से पंजीयन करेंगे। श्रेष्ठ 10 प्रतिभागियों को विधानसभा स्तरीय युवा संसद में भाषण का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम की थीम 'आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक' और 'राष्ट्रीय पर्यावरण' रहेगी।

### पुष्पराज पटेल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



**माखननगर।** पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष व सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी किसान नेता पुष्पराज पटेल का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसजन महेंद्र सिंघई, कुलदीप मिश्रा, हकीम खान और अन्य नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। युवा कार्यकर्ताओं ने 21 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया तथा शाल-श्रीफल भेंट किए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत यादव के आयोजन में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। पुष्पराज पटेल ने सभी का आभार जताते हुए क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्ष का संकल्प दोहराया।

## नागरिकों का सवाल- मैसेज यदि अधिभार राशि का, तो इसे क्यों भुगतें अनभिज्ञ उपभोक्ता?

# नर्मदा जल उपभोक्ताओं को मोबाइल पर जलकर संदेश, बिल राशि पर भ्रम में

नर्मदा जल का वितरण पिछले तीन वर्षों से हो रहा है, लेकिन अब उपभोक्ताओं को मोबाइल पर जलकर जमा करने के संदेश आने लगे हैं। लोग यह समझ नहीं पा रहे कि संदेश में बताई गई राशि मूल बिल है या अधिभार। इसको लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में पिछले करीब तीन वर्षों से लोगों के घरों में नर्मदा जल का वितरण हो रहा है। और अब जाकर नर्मदा जल लेने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल पर बिल के संबंध में मैसेज प्राप्त हो रहे हैं। लेकिन अभी तक जल उपभोक्ताओं को यह समझ नहीं आ रहा है कि मैसेज में वर्णित राशि मूल बिल की है अथवा यह अधिभार है। मामले में उपभोक्ताओं ने गत दिवस नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा से संपर्क कर उन्हें बताया कि उन्हें मोबाइल पर मैसेज प्राप्त हो रहे हैं। जिसमें जलकर की प्रभार राशि के रूप में 250 जमा करने का संदेश दिया गया है। चूंकि उपभोक्ता ढाई से तीन वर्षों से नर्मदा जल उपयोग कर रहे हैं। अतः इतनी कम राशि बिल के रूप में नहीं हो सकती है। इस बात का संशय जब सवाल बना तो नर्मदा जल उपयोग करने वाले नागरिकों ने सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा को समस्या से अवगत कराया है। सीएमओ शर्मा ने हरिभूमि संवाददाता से चर्चा में कहा कि उन्हें अभी यह ज्ञात हुआ है कि इस तरह के जल कर के मैसेज उपभोक्ताओं को मोबाइल मिल रहे हैं। उन्होंने यह भी स्वीकार कि जो उपभोक्ता लंबे समय से नर्मदा जल का उपयोग कर रहे हैं उनका जलकर इतना कम अर्थात 250 रुपए नहीं हो सकता है। अतः वे इस संबंध में पहले जानकारी लेंगे कि आखिर किस आधार पर ई-नगर पालिका के माध्यम से जल उपभोक्ताओं को मैसेज भेजे जा रहे हैं। सवाल लेकर नगर परिषद कार्यालय पहुंचे उपभोक्ता निरूत्तर होकर ही वापस लौटे हैं। तथा अभी भी उपभोक्ताओं के मन में जलकर की मूल राशि अथवा अधिभार अथवा प्रभार का संशय बना हुआ है।



### डेटा नहीं है अपडेट

हरिभूमि संवाददाता ने संबंध में नप सोहागपुर में ई-नगर पालिका व्यवस्था का कार्य देख रहे लाल साहब से बात की। उन्होंने बताया कि अभी तक नर्मदा जल लेने वाले उपभोक्ताओं का डाटा अपडेट नहीं है। ई-नगर पालिका के कंप्यूटर सिस्टम पर वह आईडी पूरी तरह से नहीं खुल पा रही है जिसका उल्लेख मोबाइल मैसेज में दिया गया है। कुछ उपभोक्ताओं की आईडी जरूर खुल रही है। लेकिन उसमें भी यह उल्लेख नहीं है कि कनेक्शन कब दिया गया, नल कनेक्शन में मीटर लगा है अथवा नहीं, कितने लीटर पानी अब तक उपभोक्ताओं द्वारा उपयोग किया गया तथा पिछले ढाई से तीन वर्षों में उपभोक्ताओं ने कितनी राशि का पानी ले लिया है। जिसके कारण नागरिकों को परेशानी हो रही है। नागरिकों ने नगर परिषद से अपेक्षा की है कि नर्मदा जल वितरण से जुड़े सभी नल कनेक्शन का डाटा अपडेट कराएं। कहीं ऐसा ना हो कि नागरिकों को हजारों रुपए का बिल अधिभार सहित चुकाना पड़े।

### हम क्यों दें अधिभार?

मामले में हरिभूमि संवाददाता से नागरिकों ने चर्चा की तथा बताया कि जब नर्मदा जल वितरण ठेका कंपनी ने कनेक्शन दिए थे तब से ही बिल की वसूली प्रारंभ की जानी चाहिए थी। यदि जलकर के बदले राशि की वसूली अब तक नहीं की गई है तो इसमें जल उपभोक्ताओं का दोष नहीं है। अतः अधिभार अथवा बिल की मूल राशि पर पेनल्टी की वसूली करने का अधिकार संबंधित ठेका कंपनी अथवा नगर परिषद को नहीं है। नागरिकों ने सवाल किया है कि जब निकाय का डाटा अपडेट नहीं है तो जनता क्यों व्यर्थ में अधिभार भुगतेगी? जबकि नागरिक स्वयं ही मासिक या वार्षिक रूप से जलकर के भुगतान को तैयार हैं। नागरिकों ने मामले में एसडीएम से अपेक्षा की है कि वह नर्मदा जल ठेका कंपनी प्रतिनिधि तथा नप अधिकारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दें कि नागरिकों से अनावश्यक ग्रुप से अधिभार की वसूली न की जाए।

### हो सकता है ब्याज

मामले में नपकर्मियों ने बताया कि 250 का मैसेज जल उपभोक्ताओं को मिला है तथा यह जलकर की मूल राशि का अधिभार हो सकता है। क्योंकि पिछले तीन वर्षों में अर्थात लगभग 36 माह से प्रतिमाह नर्मदा जल कनेक्शन के माध्यम से पानी ले रहे उपभोक्ताओं के बिल की राशि इतनी कम तो नहीं हो सकती है। जानकारी अनुसार 250 जमा करने के मोबाइल मैसेज सोहागपुर शहर में सैकड़ों लोगों को प्राप्त हुए हैं। तथा सभी इस संशय में हैं कि आखिर नर्मदा जल लेने के बदले जलकर की वास्तविक राशि क्या है? और जो मैसेज प्राप्त हो रहे हैं वे आखिर किस संबंध में हैं।

### 5000 से अधिक उपभोक्ता

नगर परिषद से प्राप्त जानकारी अनुसार शहरी क्षेत्र में नर्मदा जल लेने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 5000 से अधिक है। चूंकि शहर के अधिकतर हिस्सों में नप की पेयजल लाइन बंद हो चुकी हैं। तथा अब नर्मदा जल वितरण ही हो रहा है। अतः इसी की बिलिंग का सिस्टम सक्रिय किया जा रहा है। लेकिन मूल बिल राशि से अवगत नहीं होने के कारण नागरिक परेशानी में हैं। नागरिकों ने अनुमान लगाया कि यदि 5000 उपभोक्ताओं से प्रति कनेक्शन 250 अधिभार या प्रभार शुल्क लिया जाता है तो यह राशि 12 लाख रुपए से अधिक होगी। जबकि नर्मदा जल की मूल बिलिंग राशि अभी तक नागरिकों को ज्ञात नहीं है।

### अपडेशन करवाएंगे

मुझे पता चला कि जल उपभोक्ताओं को मोबाइल मैसेज प्राप्त हो रहे हैं। मूल बिल राशि तथा अधिभार का विवरण में प्राप्त कर रहा हूं। शीघ्र ही निकाय का डाटा अपडेट किया जाएगा।

**धर्मेंद्र शर्मा,** सीएमओ, नगर परिषद सोहागपुर

## कॉलेज में 'तनाव रहित आहार' पर कार्यशाला आयोजित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

स्थानीय राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और माइंडफुलनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'तनाव रहित आहार' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुप्रीम कोर्ट एवं उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार गठित महाविद्यालयीन 'टास्क फोर्स' के साप्ताहिक कैलेंडर के तहत आयोजित किया गया।

### प्राकृतिक जीवनशैली से ही संभव है तनाव मुक्ति

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. एस. शेखर ने भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय आहार पद्धति न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य का भी सुदृढ़ आधार है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को वर्तमान दौर के 'फास्ट फूड' कल्चर से बचकर प्राकृतिक भोजन शैली अपनाने की सलाह दी, ताकि मानसिक तनाव को नियंत्रित किया जा सके।

### भोजन के इतिहास और प्रकारों पर चर्चा

एनटीएफ नोडल अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश पटेल ने औद्योगिक क्रांति के पूर्व और पश्चात की खान-पान पद्धतियों का तुलनात्मक विवरण दिया। उन्होंने विस्तार से बताया कि 'दिन में तीन बार भोजन' का वैश्विक कॉन्सेप्ट किस प्रकार अस्तित्व में आया। वहीं, हेल्पडेस्क प्रभारी दीपाली जैन ने आयुर्वेद के दृष्टिकोण से आहार के तीन मुख्य प्रकारों सात्विक, राजसिक और तामसिक भोजन के प्रभाव पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि सात्विक भोजन मन को शांति प्रदान करने में सबसे प्रभावी है।

### विद्यार्थी जीवन और आहार का संबंध

कार्यशाला के दौरान विभिन्न विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने विचार रखे।

**डॉ. शाफिया जहराः** तनाव प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों के बारे में बताया।

**सुरेश दहिकरः** जैसा खाओगे अन्न, वैसा होगा मनः के मुहावरे के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य और भोजन के गहरे संबंध को समझाया।

**डॉ. प्रफुल्ल कुमारः** भोजन के सही समय और उसकी नियमितता पर जोर दिया।

**रोहित कुशवाहाः** विद्यार्थी जीवन में 'अल्पाहार' और संयमित भोजन के लाभों से अवगत कराया।

### उपस्थिति एवं आभार

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सत्य प्रकाश पटेल द्वारा किया गया। समापन पर सुश्री दीपाली जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

## समर्पण निधि एकत्रीकरण अभियान की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत एवं नगर पालिका परिषद क्षेत्र में की गई है। आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए यह कार्यक्रम लगातार आयोजित हो रहे हैं। प्रत्येक मंडल अध्यक्ष को अपने क्षेत्र में लगभग तीन लाख रुपये जुटाने का लक्ष्य दिया गया है तथा प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। खापरखेड़ा मंडल में किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पवन वालिया को प्रभारी बनाया गया है। ग्राम पंचायत खापरखेड़ा में विधायक ठाकुरदास नागवंशी सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में निधि संग्रह कर रसीदें जारी की गईं।

## अधिवक्ता संघ चुनावः हजारीलाल गुर्जर अध्यक्ष, आनंद भार्गव सचिव निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

अधिवक्ता संघ के चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए। कुल 153 अधिवक्ताओं में से 144 ने मतदान किया और कोई मत निरस्त नहीं हुआ। अध्यक्ष पद पर हजारीलाल गुर्जर ने 87 मत प्राप्त कर शिवशंकर गौर को 30 मतों से पराजित किया। उपाध्यक्ष पद पर आदित्य असंगे 19 मतों से विजयी रहे।

सचिव पद पर आनंद भार्गव ने 24 मतों के अंतर से जीत दर्ज की, जबकि कोषाध्यक्ष पद पर कमल कौशल 2 मतों से विजयी घोषित हुए। सह सचिव विकास रघुवंशी और ग्रंथपाल सुमित गहलोत निर्विरोध चुने गए। चुनाव अधिकारी अजीत सिंह राजपूत, शैलेन्द्र सिन्हो एवं विनय सिम्पी ने परिणाम घोषित किए। विजेताओं को प्रमाणपत्र जिला न्यायाधीश तबस्सुम खान ने प्रदान किए। कार्यक्रम में न्यायाधीश अंजली अग्रवाल, सरोज डेहरिया सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।



## साहू समाज मनाएगा मां कर्मा जयंती, बैठक में निर्णय किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

साहू समाज सोहागपुर द्वारा मां कर्मा जयंती मनाने के संबंध में शुक्रवार रात सामाजिक बैठक की गई। बैठक में सोहागपुर साहू समाज सोहागपुर की सर्व सम्मति से भरत कुमार साहू को साहू समाज सोहागपुर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। एवं मां कर्मा जयंती मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में तय किया गया कि 15 मार्च 2026 को साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी जयंती भव्य रूप में पारंपरिक तरीके से मनाई जाएगी। जिसमें 15 मार्च की सुबह वाहन रैली निकाली जाएगी। उसके बाद सुबह 10 बजे मां कर्मा देवी की पूजा आरती का आयोजन किया जाएगा। वहीं शाम चार बजे से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। भव्य शोभायात्रा सोहागपुर शहर के बाजार के मुख्य मार्ग का भ्रमण करेगी। शोभायात्रा के समापन उपरांत समाज की ओर से सामाजिक बंधुओं के लिए सहभोज का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर विनोद कुमार साहू, महेश कुमार साहू, जगदीश प्रसाद साहू, हरगोविंद साहू, दीपक साहू, शिवकुमार साहू, सुनील साहू, शुभम साहू, कामेश साहू, राजेश साहू व अन्य सामाजिक नागरिक उपस्थित थे। सभी सामाजिक बंधुओ ने नव नियुक्त अध्यक्ष भरत कुमार साहू को बधाई दी एवं आगामी कार्यक्रमों के लिए सभी बंधुओं से आगामी कार्यक्रमों में सहभागिता की अपील की है।

### भव्य आयोजन होगा

साहू समाज सोहागपुर द्वारा परंपरा अनुसार मां कर्मा जयंती मनाई जाएगी। जिसमें सभी सामाजिक बंधुओं की सहभागिता होगी। सभी सादर आमंत्रित हैं।

**भरत कुमार साहू,** नव नियुक्त अध्यक्ष साहू समाज सोहागपुर

## जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला 10 मार्च को

**नर्मदापुरम।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनांतर्गत जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेले का आयोजन 10 मार्च 2026 को कृषि विज्ञान केंद्र, गोविन्दनगर, बनखेड़ी के परिसर में किया जाएगा। कृषि विज्ञान मेले के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीज, फसल प्रबंधन, कृषि यंत्रों एवं शासन की विभिन्न कृषि हितैषी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी।

## विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रदर्शनी

**इटारसी।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने भारत की वैज्ञानिक परंपरा और ऋषियों के योगदान पर प्रकाश डाला। मुख्यम वक्ता डॉ सुगंधा सिंह ने आधुनिक विज्ञान और भारतीय दृष्टि की उपयोगिता बताई। डॉ गोविंद मंसूरे और डॉ नीरज जैन ने आयुर्वेद, योग और वेदों पर जोर दिया। प्रदर्शनी का अवलोकन प्राचार्य सहित सभी अतिथियों ने किया।

## पारदर्शिता और विकास की नई मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की प्रमुख मंडियों में शामिल पिपरिया कृषि उपज मंडी प्रदेश की टॉप मंडियों में गिनी जाती है। यहां सहायक संचालक एवं सचिव चंद्र शिवराम उईके के कार्यकाल में लगातार प्रगति दर्ज की गई है। मंडी को प्रतिवर्ष व्यापारियों से लगभग 24 करोड़ रुपये का एक प्रतिशत कर प्राप्त होता है। जिसमें से 20 पैसे प्रति राशि जिला कलेक्टर के राहत आपदा कोष में जमा किए जाते हैं। वर्तमान में चना और तुअर की अच्छी आवक से किसानों को लाभ मिल रहा है। मंडी में साफ-सफाई, सुरक्षा और किसानों के विश्राम भवन में नई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। तुलावटी और हम्माल भी व्यवस्थाओं से संतुष्ट हैं। हालांकि शासन से पिछले वर्ष से कोई राशि नहीं मिलने के कारण कुछ प्रस्तावित कार्य अधूरे हैं। राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ ने शासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।



## नर्सरी का स्थान चयन करने किया अवलोकन




**माखननगर।** सागाखेड़ा खुर्द में साथी सामाजिक सेवा समिति के प्रतिनिधि द्वारा नर्सरी स्थापना को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। चयनित स्थल का अवलोकन कर बीज रोपण किया गया। बैठक में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। नर्सरी की तैयारी, पौधों के चयन, देखभाल और सामुदायिक सहभागिता पर चर्चा कर अगले दिन से कार्य प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। प्रतिनिधि ने बताया कि इससे गांव में हरियाली बढ़ेगी, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर मिलेंगे। ग्रामीणों ने सक्रिय सहयोग का आश्वासन देते हुए पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

## कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का समापन हुआ

### कण-कण में है विज्ञान : पंकज बैरवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह का रंगारंग समापन हुआ। कार्यक्रम संयोजक पंकज बैरवा ने बताया कि यह आयोजन सी वी रमन द्वारा प्रतिपादित रमन प्रभाव की स्मृति में विद्यार्थियों को समर्पित रहा। मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय एमजीएम महाविद्यालय से डॉ. सत्यनारायण बस्सा एवं शासकीय शहीद भगतसिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया से डॉ. किटी मौर्य उपस्थित रहीं। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। वक्ताओं ने विज्ञान को जीवन के प्रत्येक कण में विद्यमान बताते हुए विद्यार्थियों को जिज्ञासु बनने का संदेश दिया। डॉ. मौर्य ने वूमेन इन साइंसः कैटेलाइजिंग विकसित भारत थीम पर महिलाओं के अवसरों और योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. बस्सा ने नैनोटेक्नोलॉजी पर व्याख्यान दिया। अंत में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

**कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम् (म.प्र.)**
**Municipal Council Pipariya Distt-Narmadapuram**

पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में, तिलक वार्ड, पिपरिया
फोन नं. 07576-222041
पिन-461775
EMail- cmopipariya@mpurban.gov.in

क्रमांक / न.पा./ राजस्व/2026/1139 पिपरिया दिनांकः- 25.02.2026

तृतीय ई- निविदा आमंत्रण सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं व्यावसायियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका स्वामित्व के पुरानी गल्ला मंडी बी.जे.पी. कार्यालय के बाजू निर्मित दुकानों की नीलामी के लिये निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है विवरण तालिका में वर्णित है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | दुकान नबंर | आरक्षण | प्रा.राशि | धरोहर राशि | निविदा फार्म शुल्क +GST |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_486234_1 | ब्लाक A दुकान नंबर 2 | अनारक्षित | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/रू |
| 2. | 2026_UAD_486234_2 | ब्लाक A दुकान नंबर 3 | महिला | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/रू |
| 3. | 2026_UAD_486234_3 | ब्लाक A दुकान नंबर 28 | अनारक्षित | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/रू |
| 4. | 2026_UAD_486234_4 | ब्लाक A दुकान नंबर 29 | अनुसूचित जाति | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/रू |
| 5. | 2026_UAD_486234_5 | ब्लाक A दुकान नंबर 30 | अनुसूचित जाति | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/रू |
| 6. | 2026_UAD_486234_6 | ब्लाक A दुकान नंबर 31 | अनुसूचित जन जाति | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/रू |
| 7. | 2026_UAD_486234_7 | ब्लाक B दुकान नंबर 7 | महिला | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/रू |
| 8. | 2026_UAD_486234_8 | ब्लाक B दुकान नंबर 8 | अनारक्षित | 23.28 Lakh | 17500/- | 2000/रू |
| 9. | 2026_UAD_486234_9 | ब्लाक B दुकान नंबर 9 | विकलांक | 11.80 Lakh | 8850/- | 2000/रू |
| 10. | 2026_UAD_486234_10 | ब्लाक B दुकान नंबर 10 | अनारक्षित | 11.80 Lakh | 8850/- | 2000/रू |
| 11. | 2026_ UAD_486234_11 | ब्लाक B दुकान नंबर 32 | अनुसूचित जाति | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/रू |
| 12. | 2026_UAD_486234_12 | ब्लाक B दुकान नंबर 33 | अनुसूचित जाति महिला | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/ रू |
| 13. | 2026_UAD_486234_13 | ब्लाक B दुकान नंबर 34 | अनारक्षित | 15.52 Lakh | 11650/- | 2000/रू |
| 14. | 2026_UAD_486234_14 | ब्लाक C दुकान नंबर 14 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/रू |

// समय तालिका //

| क्रमांक | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | टेंडर फार्म लेने की तिथि | 28.02.2026 10:30 AM |
| 2 | टेंडर फार्म लेने एवं दर लिये जाने की अंतिम तिथि | 16.03.2026 17:30 PM |
| 3 | प्रपत्र, इत्यादि का लिफाफा ए खोलने की तिथि | 18.03.2026 10:30 AM |
| 4 | निविदा दर खोले जाने की तिथि | Will be provided later |

नोटः- 1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
2. प्रिमियम राशि एवं विकास शुल्क की संयुक्त गणना उपरांत ही उच्चतम राशि पर दुकान आवंटित की जावेगी।
3. विकास शुल्क की जानकारी नगर पालिका परिषद पिपरिया के राजस्व शाखा से लेवें।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद पिपरिया**

**कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम् (म.प्र.)**
**Municipal Council Pipariya Distt-Narmadapuram**

पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में, तिलक वार्ड, पिपरिया
फोन नं. 07576-222041
पिन-461775
EMail- cmopipariya@mpurban.gov.in

क्रमांक / न.पा./ राजस्व/2026/1137 पिपरिया दिनांकः - 25.02.2026

तृतीय ई- निविदा आमंत्रण सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं व्यावसायियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका स्वामित्व के पुरानी गल्ला मंडी बी.जे.पी. कार्यालय के बाजू निर्मित दुकानों की नीलामी के लिये निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है विवरण तालिका में वर्णित है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | दुकान नबंर | आरक्षण | प्रा.राशि | धरोहर राशि | निविदा फार्म शुल्क +GST |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_486349_1 | ब्लाक C दुकान नंबर 15 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/रू |
| 2. | 2026_UAD_486349_2 | ब्लाक C दुकान नंबर 37 | अनारक्षित | 17.24 Lakh | 13000/- | 2000/रू |
| 3. | 2026_UAD_486349_3 | ब्लाक C दुकान नबर 38 | अनारक्षित | 17.24 Lakh | 13000/- | 2000/रू |
| 4. | 2026_UAD_486349_4 | ब्लाक C दुकान नबर 39 | अनुसूचित जाति | 17.24 Lakh | 13000/- | 2000/रू |
| 5. | 2026_UAD_486349_5 | ब्लाक D दुकान नंबर 18 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/रू |
| 6. | 2026_UAD_486349_6 | ब्लाक D दुकान नंबर 19 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/रू |
| 7. | 2026_UAD_486349_7 | ब्लाक D दुकान नंबर 40 | अनुसूचित जाति | 17.24 Lakh | 13000/- | 2000/रू |
| 8. | 2026_UAD_486349_8 | ब्लाक D दुकान नंबर 41 | अनुसूचित जाति | 17.24 Lakh | 13000/- | 2000/रू |
| 9. | 2026_UAD_486349_9 | ब्लाक D दुकान नंबर 42 | अनारक्षित | 17.24 Lakh | 13000/- | 2000/रू |
| 10. | 2026_UAD_486349_10 | ब्लाक E दुकान नंबर 23 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/रू |
| 11. | 2026_UAD_486349_11 | ब्लाक E दुकान नंबर 24 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/रू |
| 12. | 2026_UAD_486349_12 | ब्लाक E दुकान नंबर 25 | अनारक्षित | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/ रू |
| 13. | 2026_UAD_486349_13 | ब्लाक E दुकान नंबर 27 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 11.21 Lakh | 8500/- | 2000/रू |
| 14. | 2026_UAD_486349_14 | ब्लाक E दुकान नंबर 43 | अनारक्षित | 17.24 Lakh | 13000/- | 2000/रू |
| 15. | 2026_UAD_486349_15 | ब्लाक E दुकान नंबर 44 | अनारक्षित | 17.24 Lakh | 13000/- | 2000/ रू |

// समय तालिका //

| क्रमांक | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | टेंडर फार्म लेने की तिथि | 28.02.2026 10:30 AM |
| 2 | टेंडर फार्म लेने एवं दर लिये जाने की अंतिम तिथि | 16.03.2026 17:30 PM |
| 3 | प्रपत्र, इत्यादि का लिफाफा ए खोलने की तिथि | 18.03.2026 10:30 AM |
| 4 | निविदा दर खोले जाने की तिथि | Will be provided later |

नोटः- 1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
2. प्रिमियम राशि एवं विकास शुल्क की संयुक्त गणना उपरांत ही उच्चतम राशि पर दुकान आवंटित की जावेगी।
3. विकास शुल्क की जानकारी नगर पालिका परिषद पिपरिया के राजस्व शाखा से लेवें।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद पिपरिया**

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों को राहत दिलाने योजना प्रारंभ

**हरदा।** केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में शुरू की गई पीएम राहत योजना एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों को तुरंत और मुफ्त इलाज मुहैया कराना है। इस योजना का पूरा नाम रोड़ एक्सीडेन्ट विक्टीम हॉस्पीटलाइजेशन एण्ड एश्योर्ड, ट्रीटमेन्ट है। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को डेढ़ लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलता है। इसका मतलब है कि अस्पताल में भर्ती होते समय आपको पैसे देने की जरूरत नहीं होगी, सारा खर्च सरकार वहन करेगी। यह सुविधा दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिनों तक के इलाज के लिए मान्य है। हरदा जिले में पीएम राहत योजना के अंतर्गत वर्तमान में 6 निजी चिकित्सालय सम्बद्व हैं। जिले के अन्य निजी अस्पतालों को भी इस योजना के तहत जोड़ा गया है।

### अवकाश दिन में बिजली बिल भुगतान केंद्र खुलेंगे

**हरदा।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 7 मार्च, 14 मार्च, 21 मार्च, 28 मार्च शनिवार एवं 1 मार्च, 8 मार्च, 15 मार्च, 22 मार्च, तथा 29 मार्च रविवार, 3 मार्च होली, 19 मार्च गुड़ी पड़वां, 20 मार्च जमात- उल-विदा/ ईद उल-फितर के ठीक पूर्व का दिवस/ रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस, 27 मार्च रामनवमीं तथा 31 मार्च महावीर जयंती को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे।

### वार्षिकोत्सव उमंग का आयोजन

**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में वार्षिकोत्सव उमंग के अंतर्गत तृतीय दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोज न किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा उनकी सृजनात्मक क्षमताओं को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में व्यंजन प्रतियोगिता थीम अंकुरित अनाज, केश सज्जा, सलाद सज्जा, मेहंदी तथा फूलों की रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गईं। व्यंजन प्रतियोगिता में छात्राओं ने अंकुरित अनाज की पारंपरिक एवं आधुनिक प्रकार की आकर्षक प्रस्तुति देकर निर्णायकों को प्रभावित किया। केश सज्जा प्रतियोगिता में विभिन्न हेयर स्टाइल्स के माध्यम से कला एवं सौंदर्यबोध का प्रदर्शन किया गया। सलाद सज्जा प्रतियोगिता में रंग-बिरंगी सब्जियों और फलों से कलात्मक आकृतियाँ बनाई गईंए जिनकी रचनात्मकता सराहनीय रही। मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने बारीक एवं सुंदर डिजाइनों से अपनी कला का परिचय दिया। वहीं फूलों की रंगोली प्रतियोगिता में प्राकृतिक पुष्पों से आकर्षक एवं मनोहारी रंगोलियाँ सजाई गईंए जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं।

### सूर्यवंशी समाज सहेज रहा बुंदेलखंडी फाग की विरासत

**सीहोर।** आज के बदलते दौर में जहां त्योहारों का स्वरूप दिखावे और फूहड़ता की ओर झुक रहा है, वहीं सीहोर का सूर्यवंशी समाज अपनी पुरानी परंपराओं, मर्यादा और लोक संस्कृति को सहेजने की मिसाल पेश कर रहा है। शहर के फ्रीगंज क्षेत्र में होली के आगमन के साथ ही बुंदेलखंडी लोकगीतों की गूंज सुनाई देने लगी है। आधुनिकता की चकाचौंध के बीच यहाँ की गलियों में आज भी ढोलक, नगडिय़ा, झांझ-मंजीरे और खंजड़ी की थाप पर फाग की टोलियां जम रही हैं। बता दें सूर्यवंशी अहिरवार समाज के लोग वर्षों पुरानी इस साझी विरासत को आज भी पूरी पवित्रता के साथ आगे बड़ा रहे हैं। फाग गायक सरजू प्रसाद सूर्यवंशी बताते हैं कि पहले के समय में होली का डांडा गडऩे के दिन से ही फाग गायन शुरू हो जाता था, लेकिन समय के साथ अब इसमें कुछ बदलाव आए हैं। इसके बावजूद होलिका दहन से लेकर रंग पंचमी तक पूरे पांच दिनों तक फाग गायन का उत्साह बना रहता है।

# निमाड़ अंचल के झिरन्या क्षेत्र में आदिवासी समुदाय के भगोरिया पर्व की धूम





झिरन्या। निमाड़ अंचल के झिरन्या क्षेत्र में आदिवासी समुदाय के भगोरिया पर्व की धूम है। जिसमें महिला, पुरुष और युवा वर्ग अपनी पारम्परिक-वेशभूषा में सज-धजकर अपनी खुशियों का इजहार कर रहें हैं। अच्छे कारोबार से व्यापारी वर्ग भी खुश है। पुलिस की समुचित-व्यवस्था के चलते भगोरिया शांतिपूर्ण मन रहा है।

### सिंगल डोज से मिलेगी जानलेवा बीमारी से सुरक्षा

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बेटियों को लगाया एचपीवी वैक्सीन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में सर्वाइकल कैंसर के विरूद्ध राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी.सिंह ने बताया कि जिला चिकित्सालय के डीईआईसी में प्रथम दिवस 21 बालिकाओं को टीका लगाकर अभियान को जिले में प्रारंभ किया गया। राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान से किया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान के अजमेर में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अभियान का शुभारंभ काटजू हॉस्पिटल भोपाल से किया। डीआईओ डॉ.जी.एस.कुशवाहा ने बताया कि हरदा जिले की सभी बालिकाएं, जिनकी आयु 14 वर्ष हैं, उन सभी को यह वैक्सीन लगाया जावेगा। प्रथम चरण में हरदा जिले को एचपीवी वैक्सीन के 4232 डोस प्राप्त हुए हैं । टीकाकरण सत्र के दौरान बालिकाओं का पंजीयन, परामर्श पश्चात टीकाकरण किया गया। इस दौरान डॉ विजेन्द्र धनवारे, डीपीएम दिनेश चौहान, एपीएम एम.एम.मालवीय, वीसीसीएम उत्तम गोस्वामी, डीईआईएम आशीष साकल्ले, मीना पंदराम, मीरा महोबिया, नीरज मालवीय, जितेन्द्र सूर्यवंशी, नगरीय क्षेत्र की एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रही।

सीएमएचओ डॉ.एच.पी.सिंह ने बताया कि सर्वाकल कैंसर गर्भाशय के निचले हस्से का कैंसर है, जिसे सर्विक्स भी कहा जाता है । लगभग 99.7 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर, ह्यूमन पैपिलोमावायरस के हाई-रिस्क टाईप से जैनेटल ट्रेक्स में लगाता इन्फेक्शन के कारण होते हैं । एचपीवी प्रजनन मार्ग का सबसे आम वायरल इन्फेक्शन है । हॉलांकि ज्यादातर एचपीवी इन्फेक्शन में कोई लक्षण नहीं दिखते है वे अपने आप ठीक हो जाती हैं लेकिन एचपीवी का लगातार इन्फेक्शन सर्वाईकल कैंसर का कारण बन सकता है ।

सीएमएचओ डॉ. सिंह ने बताया कि हरदा जिले में जिला चिकित्सालय हरदा के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टिमरनी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हंडिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खिरकिया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराली में आज से एचपीवी वैक्सीनेशन प्रारंभ किया गया है। वैक्सीनेशन के लिए यू-विन डिजिटल प्लेटफार्म पर पंजीयन कर अपाइंटमेंट बुक किया जा सकता है वहीं सत्र स्थल पर जाकर आईडी के माध्यम से सीधे पंजीयन भी कर सकते हैं । क्रिटतम स्वास्थ्य केन्द्र, आशा, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### त्योहारों पर सुरक्षा पर नजर

# पुलिस जवानों ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

आगामी होली, धुलेड़ी, रंगपंचमी और रमजान के त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। शनिवार शाम को पुलिस जवानों ने शहर के मुख्य बाजारों और अन्य इलाकों में पैदल फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च पुलिस कंट्रोल से शुरू होकर नारायण टॉकीज चौक, चांडक चौराहा, घंटाघर, जैसानी चौक और परशुराम चौक जैसे प्रमुख क्षेत्रों से गुजरा।

इस दौरान पुलिस ने दुकानदारों और आम लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और शांति का संदेश दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अमित कुमार मिश्रा ने चेतावनी दी कि त्योहारों के दौरान हुड़दंग करने या शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी इलाकों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और लोगों से आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई है। एएसपी मिश्रा ने सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कड़ी निगरानी रखने को भी कहा। पुलिस कर्मियों को संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीओपी शालिनी परस्ते ने जानकारी दी कि होली के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# न्यायाधीशों का राज्य स्तरीय रेफरल प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मेडिएशन फॉर नेशन कम्पेन-2.0 के अंतर्गत जिला न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीशगण हेतु राज्य स्तरीय रेफरल संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम दो चरणों में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह अभियान सर्वाच्च न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति द्वारा प्रारंभ किया गया है। जिसका उद्देश्य मध्यस्थता योग्य प्रकरणों की समय पर पहचान, प्रभावी रेफरल एवं शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम चरण 14 फरवरी को जबलपुर एवं भोपाल संभाग के न्यायिक अधिकारियों हेतु तथा द्वितीय चरण 28 फरवरी 2026 को इंदौर एवं ग्वालियर संभाग के न्यायिक अधिकारियों हेतु आयोजित किया गया, जिससे राज्य की संपूर्ण जिला न्यायपालिका को सम्मिलित किया गया। प्रशिक्षण सत्र ऑनलाइन माध्यम से पूर्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम, भोपाल एवं वरिष्ठ प्रशिक्षक, मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति गिरिबाला सिंह द्वारा संचालित किए गए। प्रशिक्षण सत्रों में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि प्रभावी रेफरल ही सफल मध्यस्थता प्रणाली की आधारशिला है। समय पर एवं सुविचारित रेफरल से न केवल सौहार्दपूर्ण समझौते की संभावना बढ़ती है, बल्कि न्यायालयों का बहुमूल्य समय भी बचता है, पक्षकारों के मध्य वैमनस्य में कमी आती है तथा न्याय वितरण प्रणाली के प्रति जन-विश्वास सुदृढ़ होता है। न्यायिक अधिकारियों को प्रारंभिक अवस्था में ही मध्यस्थता योग्य प्रकरणों की पहचान करने के लिए संवेदनशील बनाया गया, ताकि विवाद अनावश्यक रूप से लंबित एवं विवादास्पद न बनें।

सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सुमन श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि वर्ष 2025-26 के दौरान राज्य के 622 न्यायिक अधिकारियों को 40 घंटे के सघन मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। इसके अतिरिक्त 285 सामुदायिक मध्यस्थता स्वयंसेवकों को जमीनी स्तर पर सामुदायिक मध्यस्थता संचालित करने हेतु प्रशिक्षित किया गया है, जिससे छोटे-छोटे विवाद समुदाय स्तर पर ही सुलझाए जा सकें और न्यायालयों तक न पहुँचें। उन्होंने आगे बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित 45 एडीआर केंद्र तथा तहसील स्तर पर कार्यरत 102 तहसील मध्यस्थता केंद्र सक्रिय रूप से मध्यस्थता को प्रोत्साहित कर रहे हैं, तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों और न्यायालयों में लंबित वादों, दोनों को ही प्रारंभिक स्तर पर चिन्हित कर मध्यस्थता हेतु संदर्भित किया जा रहा है, जिससे विवादों का शीघ्र एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। इन केंद्रों में अधिवक्ताओं, सेवानिवृत्त न्यायाधीशों, न्यायिक अधिकारियों, विषय-विशेषज्ञों एवं समाजसेवियों सहित कुल 3,020 मध्यस्थ तथा 520 सामुदायिक मध्यस्थता स्वयंसेवक सौहार्दपूर्ण विवाद निराकरण के उद्देश्य से कार्यरत हैं।

### ग्रामीण महिलाओं व युवाओं ने किया जैव संसाधन केंद्र का भ्रमण

# जैविक खेती से आय और जलवायु जागरूकता पर जोर


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव



ग्रामीण महिलाओं और युवाओ ने समझी जैविक खेती की तकनीकें, कस्तूरी फार्म का भ्रमण किया। जिले में जैविक खेती और जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम खरतलाय, गुरारखेड़ा, मगरधा, रहटगांव एवं टिमरनी से आई 60 ग्रामीण महिलाओं और 15 युवाओं ने आलमपुर स्थित जैव संसाधन केंद्र झ कस्तूरी फार्म का शैक्षणिक भ्रमण किया। मधुर भारद्वाज ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को जैविक खेती की व्यावहारिक तकनीकों से जोड़ना, रासायनिक खेती के विकल्पों को समझाना तथा खेती को आजीविका का टिकाऊ साधन बनाना है। जैव संसाधन केंद्र के संचालक पीयूष चाचरे ने प्रतिभागियों को जीवामृत, नीमामृत, मृदामृत, वर्मी कम्पोस्ट जैसी जैविक खादों के निर्माण की प्रक्रिया, भूमि की उर्वरता बनाए रखने के उपाय, मल्टी-क्रॉपिंग मॉडल एवं पशुपालन आधारित खेती की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गोबर और गोमूत्र जैसे स्थानीय संसाधनों के सही उपयोग से लागत कम कर आय बढ़ाई जा सकती है।

भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने केंद्र में संचालित डेयरी इकाई का भी अवलोकन किया, जहां शुद्ध मावा, पनीर, दूध और घी के उत्पादन के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर आत्मनिर्भर आजीविका का मॉडल प्रस्तुत किया गया। उद्यमी मधुर भारद्वाज एवं समुदाय नेत्री अर्चना सांगुल्ले पिछले एक वर्ष से युवाओं और महिलाओं के साथ जैविक खेती एवं जैविक किचन गार्डन पर निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस पहल के अंतर्गत जिले के 10 गांवों की 100 महिला किसान और 20 युवा किसान जुड़े हैं। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य जैविक खेती के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना, रासायनिक खेती से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान को कम करना और ग्रामीण समुदायों को दीर्घकालिक रूप से सशक्त बनाना है।इस अवसर पर अनुपम भारद्वाज, दीपक गौर, हिमांशु कौशल, निशांत, रोहन, अफसर और ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

# खोई की महिलाओं की व्यथा: दिन भर खेतों में गेहूं कटाई, देर रात तक भरना पड़ता है पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

ग्राम खोई की महिलाओं की व्यथा यह है कि वे दिन भर खेतों में गेहूं-फसल कटाई करती है और देर रात तक पानी के लिए लाइनों में लगी रहती है। वहीं वे घरेलू काम-काज में भी थक जाती है और सुबह से फिर वही दिनचर्या शुरू हो जाती है। पीड़ित महिलाओं में लताबाई, संगीता, सपना, माया, पूजा, शारदा, दुर्गाबाई आदि ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से यह स्थिति बनी हुई है। उन्होंने बताया कि गांव के वार्ड और 10 के करीब 40,50 परिवारों को पेयजल-संकट का सामना करना पड़ रहा है। इनमें वार्ड 10 में अधिक समस्या है, जबकि इससे लगे वार्ड क्रमांक 9 के कई परिवारों की भी यही स्थिति है। वितरण-अव्यवस्था से बिगड़े हालात ग्रामीणों के अनुसार नल जल मिशन की पेयजल-योजना अभी तक हस्तांतरित नहीं हुई है और ग्राम पंचायत ने एक बालक को वितरण का कार्य सौंपा है। लेकिन वितरण की अव्यवस्था के चलते कई मोहल्लों के ग्रामीण नाराज हैं। उनका कहना है कि जब वे दिन भर खेतों में गेहूं-फसल कटाई कर वापस आते हैं तो उनके बर्तन खाली होते हैं। इन हालातों में उन्हें स्वयं ही नल योजना शुरू करना पड़ रही है और उन्हें एक ही कनेक्शन से पानी भरना पड़ रहा है,जिससे देर रात तक महिलाओं की लम्बी लाइन लगी रहती है। ग्रामीणों में दिनेश नायक,सुनील चौहान, धनसिंह पटेल और मुकेश पटेल ने बताया कि वे पीएचई भीकनगांव के अधिकारियों से निरंतर अनुरोध कर रहे हैं,लेकिन वे पेयजल-संकट और दूषित पेयजल समस्या हल करने के प्रति लापरवाह एवं निष्क्रिय बने हुए हैं। जबकि महिलाएं रात्री में करीब एक सप्ताह से उक्त समस्या से जूझ रही है।

#### इस संबंध में जानकारी नहीं

मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। इसलिए दिन में पेयजल-वितरण की हो सके, वे इस ओर ग्राम पंचायत के सरपच,सचिव से चर्चा कर समस्या के हल करेंगे।

**भारत मुजाल्दे**,एसडीओ,पीएचई,भीकनगांव

### 19 अप्रैल से होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पोस्टर का विमोचन

# समाजसेवी राठौर के विशेष प्रयासों से आकार ले रहा 'मिनी मेहंदीपुर बालाजी धाम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर के मुख्य बस स्टैंड पर स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर अब एक नए और भव्य स्वरूप में श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है। राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी की तर्ज पर निर्मित इस दिव्य मंदिर के निर्माण में हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर की मुख्य भूमिका रही है। उनकी सक्रियता और अटूट भक्ति के प्रयासों से ही यह करोड़ों की लागत वाला भव्य मंदिर आज साकार हो सका है। मंदिर परिसर में आगामी 19 अप्रैल से शुरू होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर यज्ञ संचालक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे बाबा, समिति अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर, पुजारी अनिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

#### रुद्रप्रकाश राठौर बने निर्माण के सूत्रधार

बस स्टैंड स्थित इस प्राचीन और प्रसिद्ध हनुमान मंदिर को एक भव्य स्वरूप देने का संकल्प



रुद्रप्रकाश राठौर ने लिया था। उनके नेतृत्व में समिति और क्षेत्रवासियों के सहयोग से करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से इस मंदिर का कायाकल्प किया गया है। मंदिर का निर्माण राजस्थान के विशेष पत्थरों से कराया गया है, जो इसकी भव्यता में चार चांद लगा रहे हैं। श्री राठौर ने बताया कि यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र होगा, बल्कि वास्तुकला की दृष्टि से भी शहर की पहचान बनेगा।

**मेहंदीपुर बालाजी जैसा अनुभव :** इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां स्थापित मेहंदीपुर बालाजी की तर्ज पर हनुमान जी की दिव्य प्रतिमा है। भक्तों की मान्यता है कि यहां दर्शन मात्र से संकटों का नाश होता है। नव निर्मित मंदिर में केवल हनुमान जी ही नहीं, बल्कि भगवान राम दरबार, शिव नंदी और सप्तऋषियों की प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी। इन सभी प्रतिमाओं को विशेष रूप से राजस्थान के कुशल शिल्पकारों द्वारा तैयार करवाया गया है।

#### 19 अप्रैल से शुरू होगा उत्सव

समिति के अध्यक्ष श्री राठौर ने जानकारी दी कि 19 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य समारोह आयोजित होगा। इस महोत्सव को यादगार बनाने के लिए देश भर के प्रसिद्ध संतों को आमंत्रित किया गया है। महोत्सव के दौरान भव्य यज्ञ, दिव्य अनुष्ठान और भंडारे का आयोजन होगा। अब सभी भक्तों को इंतजार है 19 अप्रैल का, जब इस नवनिर्मित सिद्ध हनुमान मंदिर के द्वार भव्यता के साथ आम जन के लिए खुलेंगे।